दिनांकः 14.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में लगाये गये ग्राम उत्थान शिविरों से 31 लाख से ज्यादा ग्रामीण लाभान्वित।
- आरजीएचएस में गड़बड़ियों पर सरकार की सख्ती–सात चिकित्सक निलंबित।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक चुनौतियों के बावजूद बीते दशक को भारत के लिए अभूतपूर्व विकास वाला बताया।
- प्रदेश में तापमान में उतार–चढ़ाव का दौर–बाड़मेर में अधिकतम तापमान 33 डिग्री–सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से नीचे।

..........................

प्रदेश में दो चरणों में लगाये गये ग्राम उत्थान शिविरों में 31 लाख 57 हजार से अधिक ग्रामीणों को केन्द्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ दिया गया। कल जयपुर में कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में ग्राम उत्थान शिविरों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें बताया गया कि ये शिविर 2 हजार 770 गिरदावर सर्कलों पर आयोजित किये गये। इनके जरिये किसानों को विभिन्न योजनाओं में आवेदन भी करवाया गया। इनमें मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायक योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पॉली हाउस स्थापना के आवेदन सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं। बैठक में मुख्य सचिव ने प्रगतिशील किसानों के साथ संवाद, कृषि नवाचार और बजट प्रावधानों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने बजट में कृषि और संबंधित क्षेत्रों के लिए 1 लाख 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया है।

...................

राजस्थान गवर्मेंट हेल्थ स्कीम–आरजीएचएस में गड़बड़ियां करने वाले अस्पतालों, फार्मेसी स्टोर्स और कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अनियमितता करने पर सात और चिकित्सकों को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है। इसके अलावा एक अस्पताल और एक डायग्नोस्टिक सेंटर पर एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि आरजीएचएस योजना के सुचारू संचालन के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। योजना की ऑडिट के दौरान गड़बड़ियां पाये जाने पर सीकर जिले के सात चिकित्सकों को निलंबित किया गया है।

....................

केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है पर्यटन, अब केवल आतिथ्य तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अनेक क्षेत्रों तक विस्तार कर चुका है। श्री शेखावत कल नई दिल्ली में भारतीय पर्यटन विकास निगम आईटीडीसी के 60 साल पूरे होने के उपलक्ष में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। श्री शेखावत ने कहा कि आई.टी.डी.सी. तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गये। इस मौके पर श्री शेखावत ने आईटीडीसी की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि पर्यटन अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र है।

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कई वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत के लिए ये दशक अभूतपूर्व विकास वाला रहा है। कल नई दिल्ली में आयोजित ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस सालों में दुनिया ने वैश्विक महामारी, अंतर्राष्ट्रीय तनाव, युद्ध और सप्लाई चेन में रुकावट सहित कई चुनौतियां देखीं। इसके बावजूद भारत ने विकास की नई ऊंचाइयां हासिल कीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के इस दशक में भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है। उन्होंने बताया कि पिछले दशक की शुरुआत में भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, और आज देश तेज़ी से आगे बढ़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है।

................

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने बजट को केवल व्यय–केंद्रित नहीं, बल्कि परिणाम–केंद्रित बनाया है। प्रधानमंत्री ने बजट से बाहर किए गए महत्वपूर्ण सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि नई जीएसटी दरें, योजना आयोग की जगह नीति आयोग का गठन, अनुच्छेद 370 का निरस्तीकरण, तीन तलाक के विरुद्ध कानून और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' जैसे कदमों ने देश को नई दिशा दी है।

..................

पीएम सूर्यघर योजना के तहत प्रदेश में अब तक 1 लाख 42 हजार से ज्यादा रूफ टॉप लगाये जा चुके हैं। डिस्कॉम चैयरमेन आरती डोगरा ने बताया कि वर्तमान में हर महीने करीब 14 हजार रूफ टॉप सोलर लगाये जा रहे हैं। इस साल डिस्कॉम ने इन्हें दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। डिस्कॉम चैयरमेन कल जयपुर में विभिन्न बैंक प्रतिनिधियों के साथ सोलर रूफ टॉप लगवाने के इच्छुक आवेदकों को सुगम ऋण प्रक्रिया के बारे में चर्चा कर रही थीं। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना में प्रदेश को अग्रणी बनाने में बैंकर्स से सहभागिता निभाने का आग्रह किया। बैठक में बताया गया कि नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 30 बैंकों को ऋण प्रदान करने की प्रक्रिया से जोड़ा है।

....................

पाली जिले के फालना में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में बीती रात तीन युवकों की मृत्यु हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रानी खीमेल रोड़ पर हुआ, इन युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

...................

प्रदेश में तापमान में उतार–चढ़ाव के दौर के बीच अब हल्की गर्मी असर दिखाने लगी है। अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। वहीं कई जगह रात का पारा अब भी नीचे बना हुआ है। 4 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ फतेहपुर प्रदेश में सबसे सर्द रहा। इसके अलावा, करौली, दौसा, सीकर, झुंझुनूं और नागौर में रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। उधर, 33 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कल बाड़मेर सबसे गर्म रहा।
इसके अलावा जालौर, जोधपुर, चित्तौडगढ, पाली, डूंगरपुर और डबोक में भी पारा 30 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि तापमान में बढ़ोतरी से ज़ीरा, गेहूं, सरसों सहित रबी फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

................

जवाहर कला केन्द्र में आज कल्चरल डायरीज़ के तहत अनहद श्रृंखला का आयोजन होगा। पर्यटन विभाग और स्पिक मैके की ओर से रंगायन सभागार में होने वाले इस आयोजन में विदुषी सुनंदा शर्मा का शास्त्रीय गायन होगा।

.................

शिक्षा मंत्रालय और दुनिया की जानी मानी फुटबॉल संस्था फीफा के संयुक्त अभियान फुटबॉल फॉर स्कूल के तहत पाली के जोज़ावर के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय को नोडल सेंटर बनाया गया है। कल मारवाड़ जंक्शन के एसडीएम महावीर सिंह जोधा ने फुटबॉल वितरण कर इस अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर विद्यार्थियों ने सामूहिक योग प्रदर्शन भी किया।

..................